ट्रांसपोर्ट फ़ॉर NSW

# एपिंग ब्रिज परियोजना

## पर्यावरणीय कारकों की संकल्पना डिज़ाइन और समीक्षा पर अपनी राय दें

सितंबर 2024

Australian Government

NSW GOVERNMENT



कलाकार द्वारा प्रतिस्थापन पुल का हवाई दृश्य (विस्तृत डिज़ाइन के अधीन, केवल सांकेतिक)

ऑस्ट्रेलियाई और NSW सरकारें भीड़भाड़ को कम करने, यात्रा के समय को कम करने और सड़क सुरक्षा में सुधार करने के लिए एपिंग ब्रिज को बदलने के लिए $220 मिलियन का निवेश कर रही हैं।

**परियोजना और प्रस्तावित शमन उपायों से संभावित पर्यावरणीय और सामुदायिक प्रभावों की पहचान करने के लिए एक संकल्पना डिज़ाइन और पर्यावरणीय कारकों की समीक्षा तैयार की गई है।**

समुदाय और हितधारकों को **सोमवार 7 अक्तूबर 2024** तक प्रतिक्रिया देने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

### परियोजना के लाभ

- सड़क क्षमता में वृद्धि, यातायात प्रवाह और यात्रा समय में सुधार
- सड़क सुरक्षा में सुधार
- सक्रिय गतिशीलता में वृद्धि
- एपिंग टाउन सेंटर से संपर्क (कनेक्टिविटी)

ट्रांसपोर्ट फ़ॉर NSW धारग राष्ट्र के वालुमेदेगल लोगों को उन भूमियों के पारंपरिक संरक्षक के रूप में स्वीकार करता है जिन पर हम काम करते हैं और अतीत और वर्तमान के बुजुर्गों को सम्मान देता है।

## पृष्ठभूमि

एपिंग रोड एक प्रमुख मुख्य सड़क हैं जो निचले नॉर्थ शोर और सिडनी सीबीडी को ऊपरी नॉर्थ शोर और हिल्स डिस्ट्रिक्ट से जोड़ती हैं, जो नॉर्थ राइड और मेंक्वेरी पार्क के वाणिज्यिक, औद्योगिक और विश्वविद्यालय क्षेत्रों तक पहुँच प्रदान करती हैं।

**एपिंग ब्रिज सभी प्रकार के परिवहन के लिए एपिंग टाउन सेंटर को कनेक्टिविटी प्रदान करता हैं।**

**सड़क:** पुल के पूर्वी किनारे पर एपिंग रोड, ब्लेंक्सलेंड रोड और लेंगस्टन प्लेस से लेकर पश्चिमी किनारे पर बीक्रॉफ्ट रोड, ब्रिज स्ट्रीट और हाई स्ट्रीट तक।

**ट्रेन:** एपिंग ट्रेन स्टेशन और T9 नॉर्दर्न लाइन, सेंट्रल कोस्ट और न्यूकेंसल लाइन और मेट्रो नॉर्थ वेस्ट लाइन रेल सेवाएँ।

**बस:** एपिंग बस इंटरचेंज और 291, 550, 288, 290, 291 और 651 बस सेवाएँ।

## एपिंग टाउन सेंटर के विकास का समर्थन

एपिंग ब्रिज पर परिवहन की मांग बढ़ती रहेगी क्योंकि एपिंग और उसका टाउन सेंटर विकसित होता रहेगा। यह परियोजना निम्नलिखित की पूरक हैं:

- 2013 में एपिंग स्टेशन के उन्नयन(अपग्रेड) और 2019 में मेट्रो नॉर्थ वेस्ट लाइन के उद्घाटन के साथ एपिंग टाउन सेंटर में सार्वजनिक परिवहन निवेश
- एपिंग टाउन सेंटर शहरी सक्रियण योजना के हिस्से के रूप में 2018 में एपिंग टाउन सेंटर में सड़कों और चौराहों का अपग्रेड पूरा हुआ
- भविष्य में एपिंग टाउन सेंटर का विकास और भविष्य की सड़क और रेल योजनाएँ।

## एक नया, चौड़ा, सुरक्षित और अधिक कुशल पुल प्रदान करना

एपिंग ब्रिज 124 साल पुराना हैं। पुल को चौड़ा करने से लेकर पुल को बदलने की परियोजना तक परियोजना का विकास समुदाय को आने वाले दशकों के लिए एक सुरक्षित और अधिक कुशल पुल प्रदान करेगा।


इपिंग ब्रिज सुबह शाम की चरम अवधि में भीड़भाड़ वाला होता हैं, जिसमें यातायात में देरी और एपिंग रोड पर कतारें लगने की उच्च दर होती हैं। परियोजना में मौजूदा पाँच पथ(लेन) के पुल को नए सात लेन के पुल से बदलने का प्रस्ताव हैं, ताकि हर दिन पुल को पार करने वाले 63,000 वाहनों के लिए महत्वपूर्ण सड़क क्षमता को प्रयोग किया जा सके।

मौजूदा एपिंग ब्रिज को नए चौड़े पुल से बदलने से निम्नलिखित सुविधाएँ मिलेंगी:

- बीक्रॉफ्ट रोड में एक अतिरिक्त पश्चिम की ओर जाने वाली लेन
- ब्लेंक्सलेंड रोड में दक्षिण की ओर जाने वाली एक अतिरिक्त दाईं ओर मुड़ने वाली लेन
- पुल के दक्षिणी किनारे पर एक साझा पेंदल और साइकिल चलाने का रास्ता
- एक उठा हुआ केंद्रीय मध्य भाग
- पुल सुरक्षा स्क्रीन।

अतिरिक्त सड़क अपग्रेड में शामिल हैं:

- बीक्रॉफ्ट रोड, ब्लेंक्सलेंड रोड, एपिंग रोड, ब्रिज स्ट्रीट, हाई स्ट्रीट और लेंगस्टन प्लेस पुल तक पहुंचने वाले रास्तों में सड़क सुधार
- एपिंग रोड, ब्लेंक्सलेंड रोड और लेंगस्टन प्लेस चौराहे पर यातायात संकेतों का अपग्रेड
- एपिंग रोड पर एक चरणबद्ध पेंदल यात्री क्रॉसिंग
- हाई स्ट्रीट और ब्रिज स्ट्रीट पर पेंदल यात्री (ज़ेबरा) क्रॉसिंग को ऊंचा किया जाना।




प्रस्तावित नया पुल खंड (पश्चिम की ओर देखते हुए)

# पर्यावरण मूल्यांकन

पर्यावरणीय कारकों की समीक्षा (आरईएफ़) इस बात पर चर्चा करती हैं कि परियोजना निम्नलिखित को किस तरह से प्रभावित करेगी:

- निर्माण, यातायात, शोर और कंपन तथा दृश्य प्रभावों के माध्यम से स्थानीय समुदाय को
- वनस्पति और जीवों को
- मिट्टी और पानी की गुणवत्ता को
- एबोरिजनल और गैर-एबोरिजनल विरासत को

आरईएफ़ और पूरक परियोजना जानकारी देखने के लिए कृपया नीचे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करें या **transport.nsw.gov.au/epping-bridge** पर जाएँ।

**आरईएफ़ देखने के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें।**

**नियोजन अनुमोदन के अधीन, निर्माण 2025 के मध्य में शुरू होने की आशा है और इसे पूरा होने में लगभग पाँच साल लगेंगे। हम विस्तृत डिजाइन के दौरान और वितरण भागीदार (डिलीवरी पार्टनर) के साथ निर्माण अवधि को कम करने के अवसरों की तलाश करेंगे।**

### क्या आप जानते हैं?


एपिंग स्टेशन, जिसे मूल रूप से फील्ड ऑफ़ मार्स नाम दिया गया था, 1886 में सरे स्ट्रीट, एपिंग में खोला गया था, जो अपने वर्तमान स्थान से लगभग 400 मीटर उत्तर में हैं। 1887 में इसका नाम बदलकर कार्लिंगफ़ोर्ड कर दिया गया और 1890 तक इसे दक्षिण की ओर अपने वर्तमान स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया। 1900 में, इसका नाम बदलकर एपिंग स्टेशन कर दिया गया और एपिंग ब्रिज को 1891 में निर्मित मूल लकड़ी के पेंदल यात्री पुल से स्टील ब्रिज में अपग्रेड किया गया।

पिछले कुछ सालों में एपिंग ब्रिज में कई बदलाव किए गए हैं। 1929 और 1943 के बीच, पुल को चौड़ा किया गया और मौजूदा सीमेंट से बनी ऊपरी छत (डेक) और स्टील वाले संबल ढाँचे का निर्माण किया गया। 1969 में, एपिंग ब्रिज को और चौड़ा करके इसकी मौजूदा चौड़ाई 22 मीटर कर दी गई।




एपिंग स्टेशन (परिप्रेक्ष्य में एपिंग ब्रिज) 1928
छवि स्रोत: हॉर्न्सबी शायर काउंसिल

## एपिंग ब्रिज परियोजना संकल्पना डिजाइन




इसको अधिक विस्तार से देखने के लिए परियोजना वेबपेज पर जाएँ

# अपनी बात रखें

**प्रतिक्रिया(फीडबैंक) निम्नलिखित द्वारा प्रस्तुत की जा सकती हैं:**

- **parramatta@transport.nsw.gov.au** पर ईमेल द्वारा
- **transport.nsw.gov.au/epping-bridge** के माध्यम से हमारे इंटरेक्टिव मानचित्र पर टिप्पणी छोड़ कर
- डाक द्वारा प्रतिक्रिया प्रदान करके: एपिंग ब्रिज प्रोजेक्ट, निदेशक पर्यावरण और स्थिरता (रेल विकास और वितरण) ( Director Environment and Sustainability (Rail Development and Delivery) ट्रॉंसपोर्ट फ़ॉर NSW, 4 पैरामाट्टा स्क्वायर, 12 डार्सी स्ट्रीट, पैरामाट्टा NSW 2150
- हमारे समुदाय ड्रॉप-इन सत्रों में से किसी एक में भाग ले कर।

कृपया **7 अक्तूबर 2024, सोमवार को 23:59 बजे** तक अपनी फीडबैंक दें।

**आपकी फीडबैंक से ट्रॉंसपोर्ट को यह समझने में मदद मिलेगी कि समुदाय के लिए क्या महत्वपूर्ण हैं।**

## टीम से मिलें

हम आपको प्रोजेक्ट टीम से मिलने, सवाल पूछने और प्रोजेक्ट के बारे में अधिक जानने के लिए आमंत्रित करते हैं। आप एपिंग स्टेशन, एपिंग कोल्स, ईस्टवुड शॉपिंग सेंटर और कार्लिंगफ़ोर्ड कोर्ट में आकर हमसे मिल सकते हैं। हम आपके क्षेत्र में कब आएंगे, इस बारे में अधिक जानकारी के लिए प्रोजेक्ट वेबपेज़ पर जाएँ।

## मेरी फीडबैंक के साथ क्या होगा?

हम सार्वजनिक प्रदर्शन अवधि के दौरान प्राप्त सभी प्रतिक्रियाओं पर सावधानीपूर्वक विचार करेंगे। एक रिपोर्ट, जिसमें समुदाय और हितधारकों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर प्रतिक्रियाएँ शामिल होंगी, विकसित की जाएगी और प्रोजेक्ट वेबपेज़ पर प्रकाशित की जाएगी।

# अगले चरण

चालू सामुदायिक सहभागिता

- स्थल की प्रारंभिक जाँच
- रणनीतिक डिज़ाइन
- प्रारंभिक कार्यों की शुरुआत (चिलर यूनिट स्थानांतरण)
- **हम यहाँ हैं** — संकल्पना डिज़ाइन का प्रदर्शन और पर्यावरणीय कारकों की समीक्षा
- निर्धारण रिपोर्ट
- विस्तृत डिज़ाइन
- निर्माण*

*अगर परियोजना स्वीकृत हो जाती हैं, तो निर्माण कार्य 2025 में प्रारम्भ होने की आशा हैं और इसे पूरा होने में लगभग पाँच साल लगेंगे।

# हमसे संपर्क करें

प्रोजेक्ट इन्फ़ोलाइन **1800 979 577**
(कामकाज़ी घंटों के दौरान)

**parramatta@transport.nsw.gov.au**

**एपिंग ब्रिज परियोजना** निदेशक पर्यावरण और स्थिरता (रेल विकास और वितरण) ट्रॉंसपोर्ट फ़ॉर NSW, 4 पैरामाट्टा स्क्वायर, 12 डार्सी स्ट्रीट, पैरामाट्टा NSW 2150।

परियोजना वेबपेज़ पर जाने के लिए QR कोड को स्कैन करें या **transport.nsw.gov.au/epping-bridge** पर जाएँ

www.transport.nsw.gov.au/privacy-statement#Your_Privacy

**Interpreter service**

For languages other than English call **131 450**
Mandarin • Cantonese • Korean • Hindi • Tamil

获取英语以外的其他语言口译协助服务可以致电**131 450**

獲取英語以外的其他語言傳譯協助服務可以致電**131 450**

영어 외 기타 언어 통역 서비스는 **131 450**번으로 전화하세요

अंग्रेज़ी के अतिरिक्त अन्य भाषाओं के लिए दुभाषिया सेवा **131 450** पर कॉल करें

ஆங்கிலம் தவிர்ந்த ஏனைய மொழிகளுக்கான மொழிபெயர்த்துரைப்பாளர் சேவைக்கு அழையுங்கள் **131 450**